<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–09 नवम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान हुआ शुरू , भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल कीं जनसभाएं।
- सर्वोच्च न्यायालय ने निरस्त किया अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे से संबंधित मामले में वर्ष उन्नीस सौ सड़सठ का फैसला।
- त्योहारों में वापस लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए आज चलाई जा रही हैं एक सौ सत्तर विशेष रेलगाड़ियां।
- मथुरा और वाराणसी में पंद्रह नवम्बर को मनेगी देव दीपावली, वाराणसी में नमो घाट का भी होगा उद्घाटन।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर बीस नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार तेज़ हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुंदरकी और गाज़ियाबाद विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं कीं। मीरापुर जनसभा में रालोद प्रमुख जयंत चौधरी भी मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री योगी ने समाजवादी पार्टी पर कानून व्यवस्था के मुद्दे पर निशाना साधा।

***देश के अंदर संदेश साफ होना चाहिए, स्पष्ट होना चाहिए। हमें अराजक तत्व नहीं चाहिए। विकास के बैरियर को हटाने वाले लोग चाहिए, किसानों का सम्मान करने वाले लोग चाहिए। व्यापारियों की सुरक्षा देने वाले बेटी और बाण का सम्मान करने वाले लोग चाहिए और केवल एनडीए की सरकार। यह गारंटी आपको देने के लिए आज आपके बीच में आई है। आपसे कहने के लिए आई है क्योंकि हमारे आदर्श। चौधरी चरण सिंह जी है। धन सिंह कोतवाल जैसे महान क्रांतिकारी है। हमारे आदर्श वे महापुरुष हैं जिनका सब कुछ मातृभूमि के लिए समर्पण भाव के साथ बलदान के लिए समर्पित है।***

उधर, करहल विधान सभा सीट से सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि सपा की लड़ाई पिछड़ों को न्याय दिलाने की है। लोकसभा सांसद डिंपल यादव ने भी करहल विधानसभा के ओछा में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया।

**********

सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीशों की पीठ ने चार तीन के बहुमत से एस अजीज बाशा बनाम भारत सरकार मामले में उन्नीस सौ सड़सठ के उस फैसले को कल खारिज कर दिया, जो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक का दर्जा देने से इनकार करने का आधार बना था। वर्ष उन्नीस सौ सड़सठ के फैसले में कहा गया था कि कानून द्वारा स्थापित कोई संस्था अल्पसंख्यक संस्था होने का दावा नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने कल कहा कि किसी भी संस्था का अल्पसंख्यक दर्जा इसलिए वापस नहीं लिया जा सकता कि उसकी स्थापना वैधानिक व्यवस्था द्वारा की गई थी। पीठ में बहुमत ने माना कि न्यायालय को यह जांच करनी चाहिए कि विश्वविद्यालय की स्थापना किसने की और इसके पीछे किसकी सोच थी। यदि यह जांच अल्पसंख्यक समुदाय की ओर इशारा करती है, तो संस्था संविधान के अनुच्छेद तीस के अनुसार अल्पसंख्यक दर्जे का दावा कर सकती है। इस तथ्य के निर्धारण के लिए संविधान पीठ ने मामले को नियमित पीठ को सौंप दिया।

**********

सरकार ने वाणिज्यिक न्यायालय संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस के लिए लोगों से सुझाव और प्रतिक्रियाएं मांगी हैं। विधि और न्याय मंत्रालय मौजूदा वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम दो हजार पंद्रह में संशोधन पर विचार कर रहा है। मसौदा विधेयक पर टिप्पणियां बाईस नवंबर तक एनडीआईएसी डैश डीएलए एट दी रेट ऑफ जीओवी डॉट इन पर भेजी जा सकती हैं।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल कानपुर नगर में पांच दिवसीय रूटक्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज बड़ी संख्या में गांव और शहर की महिलायें हस्त उत्पादों का निर्माण कर अपनी आजीविका चला रहीं हैं।

**********

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कल वर्चुअल माध्यम से लखनऊ में सामान्य पूल आवासीय परिसर आकांक्षा का उद्घाटन किया। अड़तालिस हजार वर्ग मीटर का यह परिसर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया गया है। इसमें विभिन्न श्रेणियों के एक सौ पंद्रह आवास बनाए गए हैं। इसे बनाने के लिए तैंतीस दशमलव पांच करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई थी।

**********

दीपावली और छठ पर्व मना कर अपने गंतव्य तक वापस लौटने वालों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे इस बार सात हजार सात सौ चौबीस विशेष रेलगाड़िया चला रहा है। इसके तहत आज एक सौ सत्तर विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। कल एक सौ

इकसठ और ग्यारह नवम्बर को एक सौ पचपन रेलगाड़ियों का संचालन किया जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आज चलाई जाने वाली विशेष रेलगाड़ियों में से चौहद पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजर रही हैं। इसके अलावा सात रेलगाड़ियां उत्तर प्रदेश से जुड़ी हैं। सात रेलगाड़ियां बिहार से होकर चलाई जा रही हैं, जबकि एक रेलगाड़ी का संचालन उत्तराखंड से जुड़ा है। प्रदेश के वाराणसी जिले से भी यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन हो रहा है । वहां के डीआरएम लालजी चौधरी ने बताया कि सुचारू रूप से ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

***छठ जैसे खत्म हो गया है। रिटर्निंग शुरू हो जाएगी। इसके लिए हमारे वाराणसी कैंट स्टेशन से तीस ट्रेनें चल रही हैं। तीस में से बाइस ट्रेन ऐसी है जो पास हो गयी है अलग–अलग जगह से आ रही है लेकिन बनारस में रूक रही है यहां बोर्डिंग कर सकते है।***

**********

विशेष ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को काफी सुविधा हो रही है। गोरखपुर से दिल्ली जा रहे हैं यात्री नवराज मिश्रा ने रेलवे के प्रयासों की सराहना की।

***मै ट्रेन से सफर कर रहा हूँ और रेलवे ने आने–जाने के लिए अच्छी सुविधा दे रहा है और बहुत गाड़ियां एक्सट्रा चला रखा है और यहां के यात्रियों के लिए भी बैठने की व्यवस्था अच्छी की है और मैं छठ पर्व मनाने आया था और आने में भी हमको कोई दिक्कत नही हुई और जाने में भी कोई दिक्कत नही हो रहा है।***

भारतीय रेल के अनुसार, त्योहारों के सीजन के दौरान चार हजार पांच सौ इक्कीस ट्रेनों से करीब पैंसठ लाख यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया।

**********

भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में कल कुशीनगर बौद्ध भिक्षु संघ के अध्यक्ष अभिध्वजा महारथा गुरु भदन्त एबी ज्ञानेश्वर का नवासिवां जन्मदिन समारोह मनाया जाएगा। इसमें दक्षिण–पूर्व एशिया के चार देशों के बौद्ध भिक्षु जुटेंगे। आयोजन समिति के सदस्य टी.के. रॉय ने बताया कि कल कठिन चीवर दान और धम्मदेशना का कार्यक्रम होगा, जिसमें म्यामांर, मलेशिया, थाईलैंड और कोरिया के लगभग पचास से अधिक बौद्ध भिक्षु शामिल होंगे। इससे पहले आज बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर में भदन्त ज्ञानेश्वर द्वारा निर्मित पाली भाषा भवन का लोकार्पण भी होगा, जिसके मुख्य अतिथि म्यामांर के राजदूत ऊ जो ऊ होंगे।

***अगला महापंडित विद्या महोदय गुरु भिक्षु गणेश जी के नवासितवा जन्मदिन के अवसर पर 9 नवंबर को पब्लिक स्कूल में सुबह 10 बजे से दो बजे तक विभिन्न कार्यक्रम रखा गया है। शाम को तीन बजे बुद्धा पोस्ट ग्रैजुएट कॉलेज में भिक्षु गणेश जी द्वारा निर्माण कराया गया एवं दान के रूप में दिया गया। विशाल पाली भवन का उद्घाटन है।***

**********

अयोध्या में आज शाम से चौदह कोसी परिक्रमा की शुरुआत होगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार होने जा रही इस परिक्रमा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन परिक्रमा मार्ग को सुगम बनाने का काम कर रहा है।

**********

प्रदेश के वाराणसी और मथुरा जिले में पंद्रह नवम्बर को भव्य देव दीपावली मनाई जाएगी। मथुरा के पच्चीस घाटों समेत विभिन्न यमुना घाटों पर प्रस्तावित आयोजन के तैयारियों की वहां के जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कल समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों से समयबद्ध तैयारियां पूरी करने को कहा। वाराणसी जिले में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने तैयारियों की समीक्षा की। वहां बारह से चौदह नवम्बर तक अस्सी घाट पर गंगा महोत्सव का भी आयोजन होगा। देव दीपावली के मौके पर ही वाराणसी में नमो घाट का उद्घाटन भी होगा। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिस्सा लेंगे। मंडलायुक्त ने आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां तेरह नवम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

**********

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास–एनबीटी आज से से सत्रह नवंबर तक लखनऊ के गोमती रिवरफ्रंट पार्क में गोमती बुक फ़ेस्टिवल का आयोजन कर रहा है। इसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

**********